[43] No. of printed pages: 02

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**B A (First Semester) Examination**
**2013**
**Friday, 15th November**
**10.30 am - 1.30 pm**
**UA01FHIN01 - Foundation Elective : Hindi - I**

**कुल गुण : ७०**

प्र.१ सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (**किन्हीं तीन**) (१५)

अ) ''घर की मंजिल अभी दूर पडी है और वह अभी सराय के अजनबी कमरे में है । उसने माथा पोंछा और कमर में बँधी रुपयों की न्यौली सम्हाली । समय उसको भारी लगता था ।''

आ) ''धर्म झूठा बन्धन है । परमात्मा एक है, अबाध है और धर्म से परे है । धर्म हमें सीमा में रखता है, रोकता है, परमात्मा से अलग रखता है, अतः हमारा शत्रु है ।''

इ) ''मगर काम करना तो मानवी स्वभाव है । बेकारी में जीवन कैसे कटता ?''

ई) ''मैंने देखा कि उसकी साँस जल्दी-जल्दी चल रही है । महसूस किया कि वास्तविक संकट की अपेक्षा कल्पना का संकट कितना बडा और खतरनाक होता है ।''

उ) ''यद्यपि उन उतने स्वर्गाभिलाषियों की भीड में त्रिवेणी स्नान के दुर्लभ पुण्य की प्राप्ति की अपेक्षा सुशीला के खो जाने का भय ही विशेष था, फिर भी उस समय 'हाँ' कर दी जैसे 'भावी' ही उसके सिर पर चढ कर बोल दी ।''

प्र.२ 'ठेस' कहानी के आधार पर सिरचन का चरित्र-चित्रण कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए :

१) 'प्रेरणा' कहानी का उद्देश्य ।

२) 'अपरिचित' कहानी का उद्देश्य ।

प्र.३

अ) निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग एक तिहाई शब्दों में लिखिए और उचित शीर्षक दीजिए । (०५)

साहित्य अपने युग का भावात्मक या रागात्मक चित्र प्रस्तुत करता है जो तत्कालीन समाज को दिशा प्रदान करता है । प्रत्येक युग में दो प्रकार से साहित्य का सृजन होता है । एक सामाजिक साहित्य है, जो युग की अनेक समस्याओं का आकलन और मूल्यांकन युग विशेष की प्रचलित मान्यताओं और विचार सारणियों से करता है । ऐसा साहित्य समाज का तत्कालीन दर्पण तो बन जाता है, किन्तु उन समस्याओं का

हल प्रस्तुत हो जाने पर उस साहित्य का मूल्य घट जाता है । ऐसा साहित्य कुछ वर्षो तक युग की परिस्थितियों की माँग का सिन्दूर बना रहता है, किन्तु कालान्तर में परिस्थितियों के बदलने पर वह नष्ट हो जाता है । शाश्वत साहित्य अपने युग का प्रतिनिधित्व करते हुए युग-युग की वस्तु बन जाता है । वह किसी काल की सीमा रेखा से बँधा नही होता । अधिकतर ऐसा साहित्य अपने युग में उतना सम्मान नही पाता जितना भविष्य में ।

आ) पर्यायवाची शब्द लिखिए : **(किन्हीं पाँच)** (०५)

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) अश्व | २) फूल | ३) युवती | ४) मेंढक |
| ५) मत्स्य | ६) गाय | ७) दीपक | |

इ) विलोमार्थी शब्द लिखिए: **(किन्हीं दस)** (०५)

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) कपटी | २) एडी | ३) इष्ट | ४) कडवा |
| ५) आकाश | ६) अस्त | ७) अपना | ८) संयोग |
| ९) बाढ | १०) गीला | ११) कच्चा | १२) शुभ |
| १३) विस्तार | १४) स्वदेश | | |

ई) अनेकार्थी शब्द लिखिए : **(किन्हीं पाँच)** (०५)

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) अमृत | २) मंदिर | ३) नियम | ४) खग |
| ५) जाति | ६) श्री | ७) लघु | |

प्र.४ किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । (१५)

१) महँगाई एक विकट समस्या ।

२) राष्ट्रीय एकता ।

३) मनोरंजन के आधुनिक साधन

४) मेरा प्रिय पुस्तक ।

☺☺☺☺☺